प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय की 57वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

पन्तनगर। 1 मार्च 2025। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में 57वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीन–दिवसीय आयोजन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा झण्डारोहण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के 22 छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली और उनका अवलोकन किया। कुलपति द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा के साथ ही विभिन्न प्रतियोगितायें शुरू हो गईं। पीएसी बैंड के 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा' की धुन पर विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थी रंगबिरंगी वेश–भूषा में मार्चपास्ट किये। इसके उपरांत महिला विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने 57वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सभी आयोजकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं निदेशक उपस्थित थे। इस आयोजन में डा. जी.एस बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. एचएस पपोला, स्टाफ काउंसलर डा. एनके सिंह, डा. रितिका भट्ट एवं सभी प्रतियोगिताओं के निर्णायकों का विशेष योगदान रहा।

मार्चपास्ट की सलामी लेते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार